कोरोनावायरस संक्रमण की रोकथाम के लिए ऐसा ही हौसला चाहिए, शारीरिक रूप से कमजोर होने के बाद भी टीका लगवाने पहुंची केंद्र तक, कोविड का टीका लगाने वाली टीम का भी ह्रदय पसीजा, बाहर निकल कर वाहन में ही लगाया टीका

भिलाई नगर/ कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए आज ऐसे ही हौसला की आवश्यकता है! यह साबित किया है 49 वर्ष की कंचन बाला अरोरा ने! खुर्सीपार भिलाई की निवासी कंचन बाला को जब पता चला कि 45 वर्ष उम्र एवं अधिक का टीकाकरण भिलाई के नजदीकी टीकाकरण केंद्र में आसानी से हो रहा है! उन्होंने बिना देरी किए कोविड का टीका लगवाने का फैसला लिया! इसके लिए उन्होंने अपने परिजन की सहायता ली और उन्हें टीका लगवाने केंद्र तक पहुंचाने का आग्रह किया! उनके भाई मनोज अरोरा ने बहन के मजबूत इरादों को देखते हुए , वार्ड 32 अग्रसेन भवन गुरुद्वारा के पास टीका लगवाने पहुंचे! जैसे ही कोविड वैक्सीनेटर की टीम को यह पता चला कि टीका लगाने के लिए कंचन बाला केंद्र के भीतर तक पहुंचने में असहाय है , वैक्सीनेटर ने महिला के पास पहुंचकर वाहन में ही उनको टीका लगाया! भाई मनोज ने भी आज अपने बहन के हौसले को देखते हुए टीका लगवाया! मनोज ने बताया की उनके परिवार में माता एवं पिता का टीका पूर्व में लग चुका है! निगम आयुक्त श्री ॠतुराज रघुवंशी के निर्देशन में भिलाई निगम क्षेत्र में कोविड का टीकाकरण सतत प्रक्रिया में है! इधर 18 वर्ष से अधिक उम्र के समूह का 1 मई से टीकाकरण किया जाएगा! भिलाई वासी टीकाकरण में भरपूर सहयोग दे रहे हैं! शिवाजी नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने कहा कि कंचन जैसी महिलाओं के बुलंद इरादे दूसरों का भी मनोबल बढ़ाने में सहयोग करते हैं! जितना अधिक टीकाकरण होगा संक्रमण को रोकने में उतनी ही मदद मिलेगी!